# रिश्वत-रोधी एवं भ्रष्टाचार-निरोधी

वैश्विक अनुपालन नीति | 1 फरवरी, 2023 से प्रभावी

wesco

एक बार मुद्रित या डुप्लिकेट होने के बाद, यह एक नियंत्रित दस्तावेज़ नहीं है।. सभी नियंत्रित दस्तावेज़ Wesco नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट साइट (कंपस) पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में मौजूद हैं।.

## उद्देश्य

**सरकारी अधिकारियों** या निजी क्षेत्र में व्यक्तियों के साथ व्यवहार में रिश्वतखोरी, अनुचित भुगतान या भ्रष्ट व्यावसायिक व्यवहारों पर Wesco के शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करने के लिए।. ध्यान दें कि "सरकारी अधिकारी" शब्द व्यापक है (नीचे परिभाषा देखें) और इसमें सभी स्तरों पर सरकारी कर्मचारी, साथ ही साथ सरकारी स्वामित्व वाले या सरकार द्वारा नियंत्रित वाणिज्यिक संचालन के कर्मचारी शामिल हो सकते हैं।. यह नीति रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं को भी संबोधित करती है क्योंकि वे वित्तीय जवाबदेही से संबंधित हैं।.

## दायरा

यह नीति Wesco के सभी कर्मचारियों और उन व्यवसायों पर जिन्हें यह नियंत्रित करता है ("Wesco" या "कंपनी") और उन व्यक्तियों या संस्थाओं पर जो Wesco की ओर से काम करते हैं ("बिजनेस पार्टनर्स"), पर लागू होती है।. यह उन सभी क्षेत्रों और स्थानों पर लागू होती है जहां कंपनी व्यवसाय करती है।. यह वाणिज्यिक संस्थाओं और उनके कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी अधिकारियों और सरकारी स्वामित्व वाली या सरकार द्वारा नियंत्रित संस्थाओं के कर्मचारियों के साथ होने वाली सभी बातचीत/लेन-देन पर भी लागू होती है।. इस नीति में "कर्मचारी" के संदर्भों में पूर्णकालिक, अंशकालिक और अस्थायी कर्मचारी के साथ-साथ Wesco के सभी अधिकारी और निदेशक शामिल हैं।.

## नीति-एक नज़र में

Wesco जहां भी काम करता है, उन सभी व्यावसायिक सौदों में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहिष्णुता का रुख अपनाता है।. किसी भी परिस्थिति में कोई भी कर्मचारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से **रिश्वतखोरी** या **भ्रष्ट व्यावसायिक व्यवहारों** में संलग्न नहीं हो सकता है।. इसका मतलब है कि आप वित्तीय या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए Wesco की ओर से **किसी भी कीमती चीज़** का, जो अनुचित या अनैतिक हो भुगतान नहीं कर सकते हैं या वादा नहीं कर सकते हैं, चाहे वह आपके लिए हो या कंपनी के लिए हो।. यह नीति Wesco की ओर से काम करने वाले कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को Wesco के लिए या उनकी ओर से अनुचित वित्तीय या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष से रिश्वत या किसी भी कीमती चीज़ को मांगने या स्वीकार करने से भी रोकती है।.

**किसी भी कर्मचारी को रिश्वत देने या स्वीकार करने से इनकार करने के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, भले ही इसके परिणामस्वरूप व्यवसाय का नुकसान हो या लागत में इज़ाफा हो।.**

## नीति का विवरण

### हमारी प्रतिबद्धता

### कानूनी अनुपालन

Wesco एक वैश्विक कंपनी है और उसे हर देश में रिश्वत-रोधी एवं भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों और नियमों का पालन करना चाहिए, जिसमें यह काम करता है, जिसमें निम्न शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:

- अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम ("FCPA")
- ब्रिटेन रिश्वत अधिनियम (The UK Bribery Act)
- ब्राजील का क्लीन कंपनीज़ अधिनियम (Brazil's Clean Companies Act)
- फ्रांस का सापिन द्वितीय कानून (France's Sapin II law)

एक अमेरिकी-आधारित कंपनी के रूप में, FCPA दुनिया भर में हमारे कर्मचारियों और संचालनों पर लागू होता है।.

### सख्त प्रवर्तन

Wesco सभी प्रकार की रिश्वतखोरी और भ्रष्ट व्यावसायिक व्यवहारों को सख्ती से प्रतिबंधित करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि वे हमारी व्यावसायिक गतिविधियों में न हों।. नीचे बताए गए उल्लंघनकर्ताओं से उत्पन्न परिणामों के अलावा, हम, जहां उचित हो, भ्रष्टाचार या रिश्वत के मामलों को संबंधित कानून प्रवर्तन अधिकारियों को भी भेज सकते हैं।.

**कर्मचारी।**. कोई भी कर्मचारी जो Wesco के व्यापार सौदों के दौरान इस नीति की आवश्यकताओं और सिद्धांतों का उल्लंघन करेगा, वह अनुशासनात्मक उपायों के अधीन होगा, जिसमें सेवा से बर्खास्तगी तक शामिल है।.

**व्यापार भागीदार।**. कोई भी व्यापार भागीदार जो इस नीति का उल्लंघन करता है, उसे Wesco के साथ अपने व्यावसायिक संबंधों की समाप्ति का सामना करना पड़ सकता है।.

### विशिष्ट गतिविधियों के लिए नियम

### दिखावे मायने रखते हैं!

यह नीति ऐसी किसी भी रिश्वतखोरी या भ्रष्ट व्यवहार में भागीदारी को प्रतिबंधित करती है जिसमें Wesco के लिए अनुचित वित्तीय या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने या बनाए रखने के उद्देश्य से कोई सरकारी अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति या कोई संस्था शामिल हो।. आपको उन गतिविधियों से भी बचना चाहिए जो अवैध या अनुचित उद्देश्यों के होने का इरादा रखते हों।.

#### किसकी अनुमति दी जा सकती है

सरकारी अधिकारियों से जुड़े सभी भुगतान अवैध नहीं हैं।. नीचे सूचीबद्ध गतिविधियों में, सीमित भुगतान की अनुमति दी जा सकती है, यदि:

- मुख्य नैतिकता और अनुपालन अधिकारी या एक क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी उन्हें पहले से अनुमोदित करते हों; और
- वे Wesco के बही-खातों में सही ढंग से दर्ज हों.

**राजनीतिक योगदान।** Wesco राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों को योगदान नहीं देता है और Wesco द्वारा या उसके लाभ के लिए कोई भी राजनीतिक योगदान तब तक प्रतिबंधित है जब तक कि Wesco के जनरल काउंसिल या उनके पदनामित ने अग्रिम तौर पर लिखित में योगदान को मंजूरी नहीं दी हो।. हालांकि, इस नीति का उद्देश्य किसी कर्मचारी या तीसरे पक्ष की व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधि या धर्मार्थ दान को प्रतिबंधित करना नहीं है, अगर यह कंपनी के व्यवसाय से असंबद्ध है।.

**धर्मार्थ योगदान।**. Wesco वैसे धर्मार्थ दान की अनुमति देता है जो स्थानीय कानूनों और व्यवहारों के तहत कानूनी और नैतिक हैं और धर्मार्थ योगदान के बारे में Wesco की नीतियों के अनुपालन में हैं।. हालांकि, धर्मार्थ दान किसी सरकारी अधिकारी से जुड़े संगठन को या उसके अनुरोध पर नहीं दिया जाना चाहिए (उदाहरण के लिए, ऐसे संगठन जिनके लिए सरकारी अधिकारी या उनके परिवार के सदस्य ट्रस्टी, निदेशक या अधिकारी के रूप में सेवा देते हों), क्योंकि इस तरह के दान को सरकारी अधिकारी को भुगतान या लाभ माना जा सकता है और इसलिए रिश्वत-रोधी कानूनों और इस नीति का उल्लंघन हो सकता है।.

**सुविधा भुगतान।** सुविधा भुगतान आम तौर पर एक निम्न-स्तरीय सरकारी अधिकारी द्वारा वैसी सेवाएं देने के लिए संबद्ध अधिकारी को लुभाने के लिए मांगा जाता है जिनके लिए भुगतानकर्ता कानूनी रूप से हकदार है (उदाहरण के लिए, सीमा शुल्क विभाग द्वारा माल जारी करना जो अन्यथा जारी की जाने वाली सभी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करता है, पुलिस सुरक्षा, यात्रा वीजा अनुमोदन)।. यदि किसी कर्मचारी को सुविधा भुगतान करने के लिए कहा जाता है या कर्मचारी को पता चलता है कि किसी व्यवसाय भागीदार ने Wesco की ओर से सुविधा भुगतान की अदायगी की है, तो कर्मचारी को इंकार करना चाहिए और तुरंत एक क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी या मुख्य नैतिकता और अनुपालन अधिकारी को इस मांग की रिपोर्ट करनी चाहिए।.

ऐसी विकट परिस्थितियां हो सकती हैं जब भुगतान की मांग शारीरिक नुकसान की धमकी के साथ होती हैं।. ऐसे मामले में आपको अपनी सुरक्षा को पहले रखना चाहिए और भुगतान कर देना चाहिए, फिर जितनी जल्दी हो सके इसे अपने प्रबंधक और एक क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी या मुख्य नैतिकता और अनुपालन अधिकारी को रिपोर्ट करना चाहिए।.

**वैध आतिथ्य या मार्केटिंग से जुड़े खर्च।** कंपनी किसी सरकारी अधिकारी के भोजन, यात्रा या आवास की उचित लागत का भुगतान केवल और केवल तभी कर सकती है जब:

- खर्च उचित और वैध हों;
- स्थानीय कानून उनके भुगतान को प्रतिबंधित नहीं करता हो; और
- ऐसी लागते जो सीधे Wesco के उत्पादों या सेवाओं *या* अनुबंध के निष्पादन के प्रदर्शन या स्पष्टीकरण से संबंधित हों।.

निजी व्यक्तियों के लिए समान खर्चों का भुगतान करने की भी अनुमति है, जब तक कि भुगतान हमारी वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति के दिशानिर्देशों का पालन करते हों।.

**उपहार।** व्यावसायिक उपहार निजी (यानी, गैर-सरकारी) व्यक्तियों को तब तक दिए जा सकते हैं जब तक कि उपहार:

- स्थानीय कानून द्वारा अनुमति प्राप्त हों;
- व्यावसायिक शिष्टाचार के रूप में प्रथागत हों;
- अनुचित व्यावसायिक निर्णयों को पुरस्कृत करने या प्रोत्साहित करने का इरादा नहीं रखते हों;
- प्राप्तकर्ता के नियोक्ता द्वारा अनुमति दी गई हो; और
- कभी भी नकद या नकद समकक्ष में नहीं हों और जिनकी कीमत मामूली हो।.

कोई भी उपहार जो प्राप्तकर्ता को अनुचित रूप से प्रभावित करने का इरादा रखता हो या ऐसा इरादा रखता प्रतीत होता हो - प्रतिबंधित है।. सरकारी अधिकारियों को उपहार या शिष्टाचार स्वरूप दी गई भेंट की आमतौर पर अनुमति नहीं दी जाती है और इसे व्यापार इकाई के उपयुक्त कार्यकारी उपाध्यक्ष और Wesco के नैतिकता और अनुपालन कार्यालय या क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी द्वारा पूर्व-अनुमोदित किया जाना चाहिए।.

## प्रतिबंधित कार्रवाइयां

यह नीति निम्न गतिविधियों को सख्ती से प्रतिबंधित करती है:

- सरकारी अधिकारियों या सरकार द्वारा नियंत्रित व्यवसायों के कर्मचारियों को कंपनी की ओर से उन्हें प्रभावित करने या अवैध या अनैतिक व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए पैसे या किसी भी कीमती चीज़ को देना या देने का वादा करना;
- वाणिज्यिक संस्थाओं के कर्मचारियों को कंपनी की ओर से उन्हें प्रभावित करने या अवैध या अनैतिक व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए पैसे या किसी भी कीमती चीज़ को देना या देने का वादा करना;
- अवैध या अनैतिक व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी कीमती चीज़ को मांगना या स्वीकार करना; या
- यह जानते हुए या इस बात पर संदेह होते हुए तीसरे पक्ष को धन या किसी भी कीमती चीज़ की पेशकश करने की अनुमति देना या अधिकृत करना कि इसमें से सभी या कुछ भ्रष्ट या अनैतिक उद्देश्यों के लिए पेश किए जाएंगे या दिए जाएंगे।.

**यह नीति स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं की तुलना में उन स्थानों पर भी अधिक सख्त है जहां इस नीति में प्रतिबंधित व्यवहार आम या सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हैं।.**

## रिकॉर्ड रखने के लिए आवश्यक वस्तुएं

Wesco को कानूनी रूप से यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उसके बही-खाते, रिकॉर्ड और खाते कंपनी की संपत्ति के सभी लेनदेन, भुगतान और व्यवहार को सटीक रूप से दर्शाते हों।. कंपनी को यह सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा नियंत्रण की एक प्रणाली को भी बनाए रखना चाहिए:

- लेनदेन में उचित प्रबंधन प्राधिकरण है;
- कंपनी की संपत्ति का एक्सेस प्रबंधन द्वारा अधिकृत लोगों तक सीमित हो; और
- कंपनी के वित्तीय विवरण आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों का अनुपालन करते हों।.

**विशिष्ट नियम और आवश्यकताएं।**. कर्मचारियों को कंपनी के बही-खातों और रिकॉर्ड में सभी भुगतान और अन्य प्रविष्टियों को सही ढंग से रिकॉर्ड करना होगा।. किसी लेन-देन को छिपाना या गलत तरीके से पेश करना, कंपनी के आंतरिक नियंत्रणों को दरकिनार करना या रिकॉर्ड न किए गए कंपनी फंडों का उपयोग करना - यानी, "ऑफ-बुक" फंड - भ्रष्टाचार-निरोधी कानूनों और इस नीति का उल्लंघन कर सकता है, भले ही कोई अवैध भुगतान शामिल न हो।. भ्रष्टाचार-निरोधी कानूनों से जुड़े रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करने से बचने के लिए कर्मचारियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना चाहिए:

- कंपनी की ओर से किए गए भुगतान को उचित दस्तावे के साथ अनुमोदित और समर्थित किया जाना चाहिए;
- जिन लेनदेन में सरकारी अधिकारी को कोई भी कीमती चीज़ देना शामिल हो, उन्हें Wesco के प्राधिकरण के स्तरों का पालन करना चाहिए, व्यापार इकाई के उचित कार्यकारी उपाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए और Wesco के नैतिकता और अनुपालन कार्यालय या क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी द्वारा लिखित अनुज्ञप्ति चाहिए;
- सभी अनुमोदित लेनदेन जिनमें सरकारी अधिकारी को कोई भी कीमती चीज़ देना शामिल है, उन्हें भी आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार दर्ज किया जाना चाहिए और ट्रैक किया जाना चाहिए, जिसमें भुगतानकर्ता, भुगतान के उद्देश्य और इसके मूल्य की पहचान को समर्थन करने वाले दस्तावेज़ शामिल होने चाहिए; और
- ऐसे किसी भी भुगतान की अनुमति नहीं है जिसका वास्तविक उद्देश्य उस चीज़ के अलावा कुछ और हो जिसका जिक्र सहायक दस्तावेज़ में किया गया है।.

## व्यापार भागीदार

Wesco हमारे उन व्यापार भागीदारों के कदाचार के लिए उत्तरदायी ठहराया सकता है जो हमारी ओर से कार्य करते हैं।. इसलिए हमें ऐसे व्यापार भागीदारों का उपयोग करने का ध्यान रखना होगा जो रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की कोशिश नहीं करते हैं।. हमें व्यावसायिक भागीदारों से जुड़ी ऐसी स्थितियों से भी बचना चाहिए जो इस नीति या लागू कानूनों का उल्लंघन कर सकती हैं।. व्यवसाय भागीदारों के साथ अपने लेन-देन में निम्नलिखित नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करें।.

**नीति अनुपालन।**. व्यवसाय भागीदारों को Wesco की व्यवसाय भागीदार भ्रष्टाचार-निरोधी नीति (बिजनेस पार्टनर एंटीकरप्शन पॉलिसी) के अनुरूप लगातार काम करना होगा।.

**नीति से सहमति और अनुवीक्षण।**. Wesco द्वारा भुगतान किए जाने से पहले, व्यवसाय भागीदारों को Wesco की व्यवसाय भागीदार भ्रष्टाचार-निरोधी नीति का पालन करने के लिए सहमत होना होगा और यदि व्यवसाय भागीदार नैतिकता और अनुपालन कार्यालय द्वारा आवश्यक के रूप में पहचानी गई अनुवीक्षण श्रेणियों में से एक में आते हैं, तो उन्हें उचित पड़ताल अनुवीक्षण प्रक्रिया से गुजरना होगा।.

जिस देश में सेवा दी जाएगी, दी जाने वाली सेवा की प्रकृति (यानी, काम के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत होने की आवश्यकता) और किए जाने वाले काम से जुड़े अन्य जोखिम कारकों के आधार पर अनुवीक्षण की आवश्यकता वाली श्रेणियां निर्धारित की जाती हैं।. अनुवीक्षण के अधीन आने वाले व्यवसाय भागीदारों की श्रेणियों की एक अप-टू-डेट सूची कंपस पर नैतिकता एवं अनुपालन इंट्रानेट साइट के व्यवसाय भागीदार अनुपालन कार्यक्रम अनुभाग में उपलब्ध है।. उदाहरणों में फ़्राइट फॉरवर्डर्स, सेल्स एजेंट, कमीशन कमाने वाले एजेंट और वनियामक सलाहकार शामिल हैं।.

**फ़्राइट फॉरवर्डर्स और कस्टम ब्रोकर्स।**. इससे पहले कि हम किसी भी कस्टम ब्रोकर या फ़्राइट फॉरवर्डर को शामिल करें, ब्रोकर या फ़्राइट फॉरवर्डर को Wesco व्यापार अनुपालन विभाग द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।.

**योग्यता का आधार।.** हमें योग्यता के आधार पर व्यवसाय भागीदारों का चयन करना चाहिए।.

**जोखिम न्यूनीकरण प्रावधान।**. कानूनी विभाग के विवेकानुसार, कुछ व्यवसाय भागीदारों के साथ लिखित समझौतों में संभावित अवैध भुगतान के जोखिम को कम करने के लिए विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता हो सकती है।.

**उचित लागत।.** व्यवसाय भागीदारों को की जाने वाली भुगतान उनके द्वारा मुहैया की जाने वाली सेवाओं के लिए प्रथागत और उचित होनी चाहिए।.

**सटीक रिकॉर्डिंग।.** व्यवसाय भागीदारों को की जाने वाली भुगतान Wesco के बही-खातों और रिकॉर्ड में उचित ढंग से परिलक्षित होनी चाहिए।.

**कोई नकद नहीं।**. हम व्यवसाय भागीदारों को नकद में भुगतान नहीं कर सकते।.

**खाता पारदर्शिता।.** हम किसी ऐसे व्यवसाय भागीदार के बैंक खाते में ही भुगतान कर सकते हैं जो केवल व्यवसाय भागीदार के नाम पर हो और उस देश में हो जहां व्यवसाय भागीदार या तो:

- रहते हैं या
- संबंधित सेवाएं दी हैं

यदि हमारे सामने ऐसे मामले आते हैं कि कोई व्यवसाय भागीदार व्यवसाय भागीदार भ्रष्टाचार-निरोधी नीति का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो हम व्यावसायिक संबंध को समाप्त कर सकते हैं।.

**यह अनिवार्य है कि आप यह जानें कि आप किसके साथ व्यवसाय कर रहे हैं और *क्यों कर रहे हैं, साथ ही आप कब* और किसे कोई फ़ंड देते हैं।.**

## प्रबंधकों के लिए अतिरिक्त जिम्मेदारियां

प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी किसी भी संबंधित कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं के साथ इस नीति को पढ़ें, समझें और इसका अनुपालन करें।.प्रबंधकों को व्यवसाय भागीदारों को काम पर रखने, बनाए रखने और उपयोग करने पर कंपनी की प्रक्रियाओं को भी जानना और उनका पालन करना चाहिए।. सबसे महत्वपूर्ण बात, यदि कोई कर्मचारी आपसे एक रिपोर्ट के साथ संपर्क करता है कि किसी ने संभवतः इस नीति का उल्लंघन किया है, तो आपको तुरंत नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।. ऐसी रिपोर्ट करने वाले किसी भी कर्मचारी के प्रति प्रतिशोध के तौर पा समझी जा सकने वाली किसी भी कार्रवाई से बचना सुनिश्चित करें।.

## परिभाषाएं

**कोई भी कीमती चीज़** – इसमें नकद, गिफ़्ट कार्ड या अन्य नकद समकक्ष, उपहार, यात्रा व्यय, भोजन, मनोरंजन, दोस्तों और रिश्तेदारों के लिए रोज़गार या परामर्श समझौते की पेशकश, प्रचार व्यय, किसी कंपनी के शेयर या लाभांश, ऋण, धर्मार्थ या राजनीतिक दान, व्यवसाय या निवेश के अवसर या सामग्री, सुविधाओं या उपकरणों का उपयोग शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।. इस नीति के प्रयोजनों के लिए, "कीमती चीज़" की कोई न्यूनतम मूल्य सीमा नहीं है।. यहां तक कि एक छोटा सा उपहार भी "कीमती चीज़" है।

**व्यवसाय भागीदार** - ठेकेदार, इंटीग्रेटर्स, रीसेलर, चैनल पार्टनर, परामर्शदाता, पेशेवर सलाहकार, संयुक्त उद्यम भागीदार, कस्टम ब्रोकर, फ़्राइट फॉरवर्डर्स, परिवहन या रसद प्रदाता, सेल्स एजेंट और Wesco के लिए या उनकी ओर से सेवाएं मुहैया करने वाले अन्य तीसरे पक्ष शामिल हैं।.

**रिश्वत या रिश्वतखोरी** - इस नीति में उपयोग किए जाने वाले रिश्वत शब्द में कोई भी भुगतान, प्रस्ताव या भुगतान करने का वादा शामिल है, चाहे वह सीधे आपके द्वारा किया गया हो या आपके द्वारा किसी तीसरे पक्ष को व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के भ्रष्ट इरादे से किसी भी व्यक्ति या इकाई को भुगतान करने, प्रस्ताव देने या वादा करने के लिए, प्राप्तकर्ता को अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने के लिए या Wesco की ओर से कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित करने के लिए अधिकृत किया गया हो।.

**भ्रष्टाचार या भ्रष्ट व्यावसायिक व्यवहार** – मोटे तौर पर परिभाषित, बेईमान या धोखाधड़ी वाले व्यावसायिक आचरण, जिसमें शक्ति, प्रभाव या पद का दुरुपयोग या दुर्व्यवहार शामिल है, जैसे

कि घूस, रिश्वतखोरी, प्रभाव जमाकर रिश्वतखोरी, जबरन वसूली और धन के दुरुपयोग के मामले में।.

**सरकारी अधिकारी** – "सरकारी अधिकारी" की परिभाषा व्यापक है और इसमें ऐसा कोई भी व्यक्ति शामिल है जो स्थानीय, प्रांतीय, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय सरकार के किसी भी स्तर या अनुमण्डल में प्रशासनिक, वैधानिक या न्यायिक पद पर आसीन हो।. इसमें यह भी शामिल हो सकते हैं:

- वर्ल्डबैंक जैसे सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन का एक अधिकारी या एजेंट;
- संप्रभुता की स्थिति वाले किसी स्वदेशी समूह का एक कर्मचारी या अधिकारी, जैसे कि अमेरिका, कनाडा या अन्य देशों के भीतर जनजातियां या कौम;
- सार्वजनिक पद के लिए कोई उम्मीदवार;
- कोई राजनीतिक दल या किसी राजनीतिक दल का एक अधिकारी, स्टाफ सदस्य या प्रतिनिधि;
- किसी सैन्य संगठन का सदस्य;
- सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले संस्थान का कोई अधिकारी या कर्मचारी, जैसे कि विश्वविद्यालय, अस्पताल या जनोपयोगी सेवा-केंद्र; या
- किसी कंपनी या व्यवसाय का एक कर्मचारी जिसे सरकार नियंत्रित करती हो या उसके स्वामित्व में हो, जैसे कि किसी राज्य के स्वामित्व वाला या उसके नियंत्रण वाला उद्यम।.

## संसाधन

### संबंधित सामग्री

Wesco की ऐसी अन्य सामग्रियां हैं जो इस नीति के विषयों से संबंधित हैं।. अधिक जानकारी के लिए, आपको निम्न पूरक दस्तावेज़ उपयोगी लग सकते हैं।.

- Wesco की व्यापार आचार संहिता
- हितों के वैश्विक टकराव की नीति
- सरकारी संस्थाओं के साथ वैश्विक व्यापार करने की नीति
- वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति
- Wesco व्यवसाय भागीदार भ्रष्टाचार-निरोधी नीति
- व्यवसाय भागीदार चयन दिशानिर्देश

### प्रशिक्षण

कंपनी सभी कंपनी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को यथासंभव भ्रष्टाचार-निरोधी प्रशिक्षण मुहैया करती है।. **आवश्यक प्रशिक्षण में भाग लेने में विफल रहने वाले कर्मचारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाइयों का सामना करना पड़ सकता है।.**

### प्रश्न?

**कंपनी के बही-खातों और रिकॉर्डों के बारे में।.** बही-खातों, रिकॉर्डों और वित्तीय रिपोर्टिंग से जुड़ प्रश्नों के लिए, कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य लेखा अधिकारी या क्षेत्रीय वित्त निदेशक से संपर्क करें।.

यदि आपके पास कभी भी इस नीति के अनुपालन या संबंधित कानूनी आवश्यकताओं से जुड़ा कोई प्रश्न हो, तो ethics@wesco.com पर Wesco विधि विभाग या Wesco नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से संपर्क करें।.

## उल्लंघन और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताएं

### इस नीति का उल्लंघन करने के परिणाम

कोई भी कर्मचारी जो इस नीति का उल्लंघन करता है, किसी और के उल्लंघन के सबूत को छुपाता है या नष्ट करता है या लेखा परीक्षा या जांच में सहयोग करने से इंकार करता है, वह लागू कानून और Wesco की नीतियों के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन होगा जिसमें सेवा से बर्खास्तगी तक शामिल है।.

### रिपोर्ट कहां करें

यदि आपको इस नीति के संभावित उल्लंघन की जानकारी होती है या इसके उल्लंघन का संदेह जताते हैं, तो आपको निम्न में से किसी एक को इसकी रिपोर्ट करनी होगी:

- Wesco नैतिकता और अनुपालन कार्यालय:

| | |
|---|---|
| मुख्य: | ethics@wesco.com |
| APAC: | ethics.APAC@wesco.com |
| CALA: | ethics.CALA@wesco.com |
| EMEA: | ethics.EMEA@wesco.com |

- विधि विभाग
- आंतरिक लेखा परीक्षा
- Wesco बिजनेस इंटीग्रिटी लाइन:
  - https://wescodist.ethicspoint.com पर ऑनलाइन
  - संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में टोल-फ्री नंबर 1-866-873-2376
  - उत्तरी अमेरिका से बाहर के टोल-फ्री नंबर यहां हैं https://wescodist.ethicspoint.com
  - **ध्यान दें:** रिपोर्ट गुमनाम रूप से बनाई जा सकती हैं
- मानव संसाधन
- आपका प्रबंधक, आपके प्रबंधक का प्रबंधक या प्रबंधन का कोई अन्य सदस्य

### हमारी प्रतिबद्धता

**निष्पक्ष जांच।.** Wesco कानून या इस नीति के उल्लंघन की प्रामाणिकता का संकेत देने वाली रिपोर्ट की तुरंत जांच करेगा और हम परिणामों के आधार पर उचित सुधारात्मक कार्रवाई करेंगे।.

**कोई जवाबी कार्रवाई नहीं।**. Wesco ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ जवाबी कार्रवाई नहीं करता है जो सद्भाव में किए जाने वाले असली चिंता के लिए आवाज़ उठाते हों, भले ही यह निराधार ही क्यों न हो।. यदि आपको लगता है कि चिंता के लिए आवाज़ उठाने के बाद आपके साथ अनुचित या अपमानजनक व्यवहार किया गया है, चाहे वह अनुशासनात्मक कार्रवाई, धमकी या अन्य प्रतिकूल व्यवहार के रूप में हो, तो आपको ऊपर "रिपोर्ट कहां करें" अनुभाग में सूचीबद्ध किसी भी संसाधन से संपर्क करना चाहिए।.